तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि


रोहतक, शनिवार, 15 फरवरी 2025

पुलवामा हमले के वीर शहीदों को किया नमन 10



जच्चा- बच्चा की जान जोखिम में, ऐसे कैसे होगा उद्धार 10



## खबर संक्षेप

### मानसिक रोग से बचाव बारे दी जानकारी

जींद। राजकीय महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत रतिराम धर्मशाला पांडू पिंडारा में योग के साथ हुई। कार्यक्रम अधिकारी डॉण प्रतिभा और आशी मित्तल ने बताया कि दिन की शुरुआत में पहले पुलवामा में शहीद हुए जवानों को शहादत देते दो मिनट का मौन रखा गया।

### टीम आज सिखाएगी आपदा से बचने के गुर

जींद। जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार ने बताया कि 22 फरवरी तक एनडीआरएफ टीम द्वारा जिला के विभिन्न क्षेत्रों में अग्निशमन, बाढ़, प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए परिचय अभ्यास करवाया जाएगा। जिसमें इस रिहर्सल को तीन चरणों में बांटा गया है। 15 फरवरी को राजकीय सी सेकेंडरी स्कूल किलाजफरगढ़ में प्रातः साढ़े 9 बजे व रा कन्या सीसै स्कूल जुलाना में साढ़े 12 बजे परिचय अभ्यास करवाया जाएगा।

### राम श्याम मासिक संकीर्तन 22 को

जींद। उचाना एसबीआई बैंक के पास राजेंद्रा कालोनी में 13वां राम श्याम मासिक संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। 22 फरवरी को आयोजित संकीर्तन शाम 7 बजे शुरू होगा। प्रीति चौहान नरवाना, सोनू बंसल उचाना एवं शिवम गोयल उचाना द्वारा अपने गीतों से राम श्याम का गुणगान किया जाएगा। रीतिक गर्ग, गौरव जैन ने कहा कि 22 जनवरी से राम श्याम संकीर्तन के आयोजन की शुरूआत की थी।

### रग्बी 7एस टीम में जींद का तरुण शामिल

जींद। इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन की 15 और 16 फरवरी को ग्वालियर के लक्ष्मीबाई इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन में होने वाली राष्ट्रीय बॉयज सब जूनियर रग्बी सेवन प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है। इसमें भाग लेने के वाली हरियाणा की टीम चुने जाने के लिए आईआरएफयू ने चार फरवरी को हिसार में ट्रायल रखे थे। समिति ने संभावित खिलाड़ियों के नाम चयन कर प्रशिक्षण शिविर के लिए अनुसंशा की थी।

### फार्म भरने के लिए निकली युवती लापता

जींद। गांव ढिगाना से फार्म भरने का नाम लेकर निकली युवती संदिग्ध हालात में गायब हो गई। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ढिगाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पौती गत दिवस घर से शहर में फार्म भरने की बात कह कर घर से निकली थी।

### कल लोगों की समस्याओं को सुनेंगे विधायक

जींद। उचाना भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री 16 फरवरी को अलेवा, उचाना के लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। भाजपा युवा नेता गौरव अत्री ने बताया कि सुबह 10 बजे अलेवा के बीडीपीओ ऑफिस के कांफ्रेंस हाल में लोगों की समस्याओं विधायक देवेंद्र चरतभुज अत्री सुनेंगे तो दोपहर एक बजे उचाना के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में लोगों की समस्याओं को सुनेंगे।

### जागरूकता बैंकिग स्कीम के बारें में दी जानकारी

अलेवा। राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्लेसमेंट सेल व कामर्स संकाय के तत्वाधान में एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्या सुनिता दुग्गल ने की। मुख्य वक्ता के रूप में आरबीआइ अधिकारी चंडीगढ रघुवेंद्र सिंह, पीएनबी जींद से मुख्य मैनेजर मोहित मौजूद रहे।

### दिल्ली के वैश्य विधायकों का सम्मान समारोह आज

जींद। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार गोयल ने बताया कि दिल्ली विधानसभा के नवनिर्वाचित अग्रवाल वैश्य विधायकों के सम्मान में समारोह का आयोजन 15 फरवरी को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर संसद मार्ग दिल्ली में किया जा रहा है।

---

## बच्चों ने एक मिनट का मोन रख शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# पुलवामा हमले के वीर शहीदों को किया नमन

### पुलवामा हमले में शहीद जवानों को किसान छात्र एकता संगठन ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलाभर में शुक्रवार को पुलवामा शहीदों को नमन किया गया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा पुलवामा हमले में बलिदान हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विहिप, बजरंग दल द्वारा जिला अध्यक्ष सुशील सिंगला की अध्यक्षता में बलिदान स्मारक पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित किए गए। सुशील सिंगला ने बताया कि हमारे देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने का समय है, जिन्होंने पुलवामा हमले में अपने प्राणों की आहुति दी थी। यह हमला 14 फरवरी 2019 को हुआ था। जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। आज हम उन वीर जवानों को याद करते हैं जिन्होंने अपने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। हम उनके बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे और उनकी याद में हमारे दिल में सम्मान और कृतज्ञता की भावना हमेशा रहेगी। यह केवल एक घटना नहीं थीबल्कि हमारे देश की संप्रभुता और वीर जवानों की शहादत पर किया गया एक कायरतापूर्ण हमला था। यदुवंशी शिक्षा निकेतन बीबीपुर में शुक्रवार को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए 40 वीर जवानों को याद करते हुए विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। पूरे विद्यालय ने एकत्रित होकर उन अमर शहीदों को नमन किया। जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य जतिन कथुरिया ने की। उन्होंने छात्रों को राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमारे वीर जवानों ने जो बलिदान दिया है, वह केवल एक घटना नही बल्कि हर भारतीय के हृदय में जलने वाली राष्ट्रप्रेम की ज्वाला है। हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम एक जिम्मेदार नागरिक बनें, अनुशासन और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों को निभाएं और अपने देश को मजबूत बनाएं। यही शहीदों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने एक मिनट का मोन रख कर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं एवं भाषण प्रस्तुत किए। जिससे पूरे माहौल में देशभक्ति की भावना जागृत हो गई। किसान-छात्र एकता संगठन द्वारा पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 जवानों को भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन के सदस्यों, छात्रों, किसानों और आम नागरिकों ने एकत्र होकर राष्ट्र के वीर सपूतों को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखकर की गई।

इसके बाद संगठन के उपप्रधान अभिषेक जुलाना ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। वक्ताओं ने कहा कि पुलवामा हमला भारतीय इतिहास में एक काला दिन था। जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस अवसर पर युवाओं और किसानों ने एकजुट होकर देश की रक्षा और शहीदों के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। संगठन युवा अध्यक्ष नवरत्न माथुर ने कहा कि हम अपने वीर जवानों के बलिदान को कभी नहीं भूल सकते हैं। यह कार्यक्रम हमारी ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक छोटा सा प्रयास है। छात्र नेता जसकरण ने कहा कि हमें वैलेंटाइन डे मनाने की बजाय हमारे देश के गौरव और रक्षक फौजीयो को सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में दीप प्रज्वलित कर शहीदों को नमन किया गया और भारत माता की जय तथा शहीद जवान अमर रहें के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर पल्लवी, काजल, आशीष, अमन, दीपक, प्रीति, नेहा, आदि मौजूद रहे।


जींद। शहीदों को नमन कनते बच्चे। फोटो :हरिभूमि


जींद। पुलवामा शहीदों को नमन करते छात्र संगठन सदस्य। फोटो :हरिभूमि


जींद। शहीदों को नमन करते समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### शहीदों को समिति ने किया नमन

युवा विकास समिति जींद द्वारा पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। समिति के अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि समिति के द्वारा पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को शहीद स्मारक गोहाना रोड पर पुष्पमाला के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। प्रदीप रेढू ने कहा कि शहीदों के बलिदान दिवस को हमेशा याद रखना चाहिए। आज के दिन हमें वैलेंटाइन डे को नहीं शहीद हुए जवानों को हमेशा याद रखना चाहिए। महासचिव विनोद शर्मा और संयोजक प्रवीण सैनी ने कहा कि जो 14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिलों पर आत्मघाती हमला हुआ। जिसमें 44 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। यह हमला जम्मू और कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा के निकट लेथपोरा इलाके में हुआ था। यह दिन हर भारतीय के दिल में शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है। इस मौके पर सदस्य शीला सैनी, रणबीर रिटोली, प्रवीण सैनी, विनोद शर्मा, कार्तिक शर्मा, प्रदीप रेढू, सोनू कंडेला आदि मौजूद रहे।

### शहीदों की याद में लगाया रक्तदान शिविर



सफीदों। पुलवामा में शहीद हुए शूरवीरों की याद में सामाजिक संस्था वरिष्ठ नागरिक मित्र मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार को नगर के महात्मा गांधी रोड पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी श्याम स्वामी ने की। कार्यक्रम का संयोजन आयोजक संस्था के अध्यक्ष यशपाल सूरी ने किया। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी देवेंद्र सहरावत ने की। वहीं विशिष्टातिथि के रूप में समाजसेवी संजय कौशिक, समाजसेवी राजपुरोहित पुरूषोत्तम कौशिक, पंडित गोपाल कौशिक, पंडित गोविंद कौशिक, पूर्व पार्षद नरेश जांगड़ा, अग्रवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष प्रवीन मित्तल, हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष महाबीर मित्तल मौजूद रहे। वरिष्ठ नागरिक मित्र मंडल के अध्यक्ष यशपाल सूरी ने आए हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। इस मौके पर पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अतिथियों ने शिविर का शुभारंभ रक्तदान करने वाले युवाओं को बैज लगाकर किया। वहीं रक्तदानियों को प्रमाण पत्र व लंच बाक्स देकर सम्मानित किया गया। शिविर में 65 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि देवेंद्र सहरावत ने कहा कि रक्तदान शिविरों में युवाओं को अपनी भागीदारी निभानी चाहिए ताकि आसपास के क्षेत्र में अगर कोई आपातकाल की स्थिति आती है, तो युवाओं के द्वारा दान किया हुआ रक्त किसी मजबूर व्यक्ति के काम आए और उसकी जान बच सके। स्वैच्छिक रक्तदान एकजुटता का कार्य है, जो किसी भी धर्म, जाति और सम्प्रदाय आदि से ऊपर उठकर मानवता के प्रति समर्पित होने के लिए अग्रसर करता है। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

---

### छात्राओं ने एनएमएमएस में लहराया परचम

अलेवा। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगूरां की आठ छात्राओं ने एनएमएमएस में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने पर स्कूल में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्या कोमारानी ने की। इस अवसर पर मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्या ने बताया कि यह परीक्षा पिछले वर्ष 17 सितबंर को आयोजित की गई थी। जिसमें जींद जिले से 2409 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिले में 128 बच्चों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। जिसमें 8 छात्राएं नगूरां गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की थी। यही नहीं अलेवा ब्लाक से 16 छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर मुख्याध्यापक जगबीर सिंह, मुकेश रानी, राजेश, कविता, पिंकी, उषा गुप्ता, सीमा, सुशीला आदि ने भाग लिया।


अलेवा। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगूरां में विजेता छात्राओं के साथ प्राचार्या व स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### श्री श्याम बाल वाटिका स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह

नरवाना। श्री श्याम बाल वाटिका स्कूल में आगामी रविवार दिनांक 16 फरवरी 2025 को वार्षिकोत्सव समारोह का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह कार्यक्रम विद्यालय के समर्पणए सांस्कृतिक धरोहर और मूल्यों को समर्पित होगाए जिसमें विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। कार्यक्रम में महाकुंभए दादा.दादी ;बुजुर्गों का सम्मानद्धए विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यए शिव तांडवए महाभारतए चंद्रयान मिशन जैसी प्रस्तुतियाँ देखने को मिलेंगी। स्कूल के प्रांगण को सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर के अनुरूप सजाया जाएगाए जिससे प्रवेश द्वार से लेकर मंच तक भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई देगी। विद्यालय के निदेशक कृष्ण अरोड़ा एवं प्रधानाचार्या ज्योति अरोड़ा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोडना है। साथ हीए विद्यालय न केवल शिक्षा बल्कि खेल एवं विज्ञान के क्षेत्र में भी उन्नति कर रहा है।

### पीएम श्री राजकीय वमावि बडनपुर का छात्र राहुल रिले रेस में राज्य स्तर पर प्रथम

नरवाना। पीएम श्री राजकीय वमावि बडनपुर के छात्र राहुल ने रिले रेस में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रिंसिपल संजय चौधरी ने बताया कि पीएम श्री स्कूलों की खेलकूद प्रतियोगिता एथलेटिकस की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राहुल पुत्र सुरेंद्र कुमार ने रिले रेस में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर आगे की प्रतियोगिता के लिए कदम बढाया है। टीम इंचार्ज डीपीई कांत शर्मा ने बताया कि यह खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेगा। विद्यालय की उपलब्धि में खुशी का माहौल है। सरपंच गगनदीप, पच टिंकू, धर्मपाल, प्रमोटर कमेटी के सदस्य प्रोफेसर राजेश ज्ञानी राम, बलवंत सिंह डॉ जगबीर बलवान सिंह तथा गांव वासियों ने प्राचार्य चौधरी एवं सभी स्टाफ सदस्यों को दिया।


राहुल को सम्मानित करते प्रिंसिपल संजय चौधरी व अन्य स्टाफ सदस्य।


नरवाना। एनएमएमएस उत्तीर्ण बच्चों को सम्मानित करते हुए अध्यापकगण।

### एनएमएमएस उतीर्ण बच्चों का किया सम्मान

नरवाना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विधालय सिंगवाल में एनएमएमएस उतीर्ण बच्चों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य विरेंद्र मलिक ने की। कार्यक्रम में गत दिनों एनएमएमएस उतीर्ण हुए छह विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में बताया कि एनएमएमएस उतीर्ण बच्चों को छात्रवृति के तहत प्रति माह एक हजार रुपये लगातार चार वर्षों तक मिलेंगे। इससे पहले भी गत दो वर्षों में दस बच्चे इस परीक्षा को उतीर्ण कर चुके हैं। यह मेधावी बच्चों की बहुत बड़ी उपलब्धि है। नोडल अधिकारी राजीव गोयत ने भी बच्चों की मेहनत की भूरि भूरि प्रशंसा की। गांव के सरपंच प्रदीप कुमार ने इस उपलब्धि का पूरा श्रेय विद्यालय स्टाफ को दिया। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, रविन्द्र कुमार,डा कृष्ण शास्त्री, बलजीत जांगड़ा, दर्शन सिंह, डॉ कुलदीप, सुरेश शर्मा, भूपेंद्र मोर, चरण सिंह, प्रदीप श्योकंद, प्रवक्ता सुनीता, प्रेमलता, कुसुम, सुरेश भोंसले, सुरेन्द्र कौर, मुकेश, विनोद कुमार आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

---


जींद। बच्चों को जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों को दिलाई जल संरक्षण की शपथ

जींद। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका की अध्यक्षता में राजकीय मिडल स्कूल गोसांईखेड़ा में कानूनी साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। प्राधिकरण सचिव मोनिका द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को इस मौके पर जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और जल संकट से निपटने के लिए उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जल संरक्षण की आवश्यकता, बढ़ते जल संकट, जल के दुरूपयोग और संभावित समाधानों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वर्षा जल संचयनए टपका सिंचाई प्रणालीए जलाशयों का संरक्षण और पौधारोण जैसे उपायो पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। जल ही जीवन का आधार है और इसका संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को जल संरक्षण की विभिन्न तकनीकों से अवगत कराया और उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने घरों व समाज में जल संरक्षण को बढ़ावा दें। इसके अलावा प्राधिकरण सचिव ने विद्यार्थियों को गुड टच व बैड टच के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

## 100 मीटर दौड़ में जोशी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या कॉलेज पिल्लूखेड़ा में चतुर्थ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कार्यकारी प्राचार्य बबीता पवार की अध्यक्षता में किया गया। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल पिल्लूखेड़ा के प्राचार्य जगदीश चंद्र ने शिरकत की। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर राजकीय महाविद्यालय जींद के शारीरिक शिक्षा सहायक प्राध्यापक डॉण सतीश कुमार शामिल हुए। जगदीश चंद्र ने कहा कि हार-जीत एक सिक्के के दो पहलू है। खेल में हार से सीखने को अधिक मिलता है। जीत से बेशक सीख मिले न मिले लेकिन हारने वाली टीम को अपनी कमियों को पता चलता है। हार से निराश नहीं हो बल्कि अपनी कमियों को दूर कर भविष्य में अच्छी तैयारी से खेल की जीत हासिल करें। बबीता पवार ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के अंदर खेलों में हिस्सा लेने की भावना पैदा होती है। 100 मीटर दौड़ में जोशी ने प्रथम, अन्नू ने द्वितीय तथा नीरज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में जोशी ने प्रथमए संगीता ने द्वितीय तथा अन्नू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में अन्नू ने प्रथम, जोशी ने द्वितीय तथा संगीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


जींद। दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि


जींद। आपदा से बचाव का डैमो देते एनडीआरएफ टीम। फोटो :हरिभूमि

### आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जींद। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और जिला आपदा प्राधिकरण के सहयोग से शुक्रवार को स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और आमजन को भूकंप, बाढ़, आग एवं अन्य आपदाओं के दौरान सुरक्षा उपायों की जानकारी देना था। इस कार्यक्रम का आयोजन राजकीय कन्या महाविद्यालय और बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। इसमें एनडीआरएफ टीम इंचार्ज इंस्पेक्टर त्रिलोक सिंह, महिला अधिकारी पूनम एवं अमिता और जिला आपदा प्राधिकरण से संतरा, विक्रम मोर एवं नवीन ने भाग लिया। स्कूल प्रिंसिपल जय नारायण गहलावत और ओम प्रभा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। इस दौरान भूकंप से पहले, दौरान और बाद में किए जाने वाले उपायों सीपीआर, प्राथमिक उपचार, बाढ़ से बचाव और गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में सावधानियां पर प्रशिक्षण दिया गया।

---

### एक स्टाफ के सहारे डिलीवरी हट, गर्भवती महिलाओं पर भारी

# जच्चा- बच्चा की जान जोखिम में, ऐसे कैसे होगा उद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

पीएचसी नगूरां पर महिला वार्ड सर्वेंट की स्थाई नियुक्ति होने के बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों की मेहरबानी से उसको सीएचसी अलेवा पर डिपूट करने के चलते एक स्टाफ नर्स डिलीवरी करवाने में सफल तो हो रही है लेकिन एक स्टाफ नर्स के सहारे हुई डिलीवरी जच्चा तथा बच्चे की जान जोखिम में डाल रही है। हालांकि कहने को पीएचसी में डिलीवरी हट के लिए चार स्टाफ नर्स तथा एक महिला सर्वेंट की स्थाई नियुक्ति है, लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत से एक स्टाफ नर्स सीएचसी कंडेला तो दूसरी महिला वार्ड सर्वेंट सीएचसी अलेवा पर डयूटी कर रही है। जिसके कारण एक स्टाफ नर्स के सहारे हुई डिलीवरी से कभी भी बच्चा तथा जच्चा को दिक्कत आ सकती है। नगूरां तथा आसपास गांव के अमरजीत, चरण सिंह, मनोज, राजकुमार, कुलबीर, सचिन आदि ने बताया कि पंचायत के काफी प्रयासों के बाद स्वास्थ्य विभाग ने नगूरां पीएचसी पर डिलीवरी हट को चालू तो कर दिया, लेकिन स्टाफ के मामले में बार-बार अधिकारी पीएचसी पर स्थाई रूप से नियुक्त कर्मचारियों को डेपूट कर दूसरे केंद्रों पर भेजकर पीएचसी स्थित डिलीवरी हट को बंद करने पर तुले हुए हैं। मामले को लेकर गांव की पंचायत ने उचाना कलां के स्थानीय विधायक तथा स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया, लेकिन पीएचसी में स्टाफ के मामले में किसी प्रकार का सुधार नही होने के कारण नगूरां तथा आसपास गांव के लोगों को काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है।



अलेवा। नगूरां पीएचसी का भवन। फोटो :हरिभूमि

### तीन महीने से वार्ड सर्वेंट का पद खाली : एमओ

नगूरां पीएचसी प्रभारी डा. राम ने बताया कि पीएचसी नगूरां पर करीब तीन महीने से कोई महिला वार्ड सर्वेंट नहीं होने के कारण एक स्टाफ नर्स को डिलीवरी करवानी पड़ रही है। इसके लिए कई बार विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से अवगत करवा चुके हैं, लेकिन नियुक्ति उच्चाधिकारियों को ही करनी है। पीएचसी में महिला वार्ड सर्वेंट की स्थाई नियुक्ति होने के बावजूद भी तीन माह से महिला सर्वेंट का पद खाली है। जिससे डिलीवरी बाधित होनी स्वाभाविक है।


जींद। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल। फोटो :हरिभूमि

### उचाना कलां के राजकीय स्कूल में स्टेम मेले का आयोजन

जींद। उचाना राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां में स्टेम मेला का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य अशोक कुमार नैन ने मेले का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी और गणित (स्टेम) के क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। विज्ञान संकाय के शिक्षक दिनेश भट्टी, दिनेश भारद्वाज, प्रदीप, अश्वनी एवं अजमेर श्योकंद भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक प्रयोगों और परियोजनाओं को लेकर मार्गदर्शन दिया एवं उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की। मेले में छात्रों ने विभिन्न विज्ञान मॉडल, रोबोटिक्स, पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अन्य नवीन तकनीकों से संबंधित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इस आयोजन ने छात्रों की तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप

### वकील आज जमा करवा सकते हैं प्रति

**कैथल।** बार कौंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा ने वकीलों को 15 फरवरी तक अपने ऑल इंडिया बार एग्जाम के परिणाम की कॉपी जमा करवाने का समय दिया है। इससे पूर्व बार कौंसिल ने एआईबीई के परिणाम की प्रति जमा न करने अथवा परीक्षा पास न करने या परीक्षा न देने वाले कैथल के 71 वकीलों को मतदाता सूची से बाहर करने का पत्र जारी किया था। इनमें से 30 वकीलों ने शुक्रवार तक अपने ऑल इंडिया बार एग्जाम के परिणाम की प्रति जिला बार एसोसिएशन के कार्यालय में जमा करवा दी है। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान बलजिंद्र सिंह मलिक ने बताया कि जिन वकीलों ने परिणाम की कॉपी जमा करवा दी है उन्हें मतदाता सूची में शामिल कर दिया जाएगा। आपको बता दें कि बहुत से वकील ऐसे हैं जिन्होंने यह परीक्षा तो पास कर ली थी लेकिन परिणाम की कॉपी जमा नहीं करवाई थी। अब जिन वकीलों ने परिणाम की कॉफी जमा करवा दी है वे मतदाता सूचि में शामिल हो जाएंगे और मतदान के हकदार होंगे।

### सेवानिवृत्ति पर उप निदेशक सतविंद्र गिल को सम्मानित किया

**कैथल।** जिले में खेल अधिकारी रहीं खेल विभाग चंडीगढ में उप निदेशक सतविंद्र गिल के सेवानिवृत्त होने पर जिला खेल विभाग की ओर से उनके सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और उनके द्वारा किए गए कार्यो की सराहना की गई। जिला खेल अधिकारी राज रानी ने उनको स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने कहा कि सतविंद्र गिल ने अपने कार्यकाल के दौरान बहुत ही सराहनीय कार्य किए। खिलाड़ियों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य के साथ-साथ कोरोना काल में जरूरतमंद लोगों की मदद की। वाईएसओ सुशील कुमार व पूर्व जिला खेल अधिकारी जसवंत सिंह ने उप निदेशक सतविंद्र गिल शॉल देकर सम्मानित किया।

### शिविरों में आई 11 शिकायतें आठ का समाधान

**कैथल।** लघु सचिवालय के साथ-साथ उप मंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन निरंतर रूप से किया जा रहा है। जिले के सभी समाधान शिविरों में कुल 11 शिकायतें आई, आठ शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अन्य शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में सात शिकायतें आई, इनमें से चार का समाधान किया गया।

### साइबर अपराध के बारे में किया गया जागरूक

**कैथल।** साइबर अपराध जागरूकता अभियान के तहत एसपी राजेश कालिया के निदेर्शानुसार साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम द्वारा गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज चीका में एनएसएस कैंप दौरान स्वयंसेवकों के साथ पौधारोपण कर साइबर अपराध बारे जागरूक किया। पुलिस टीम ने बताया कि पौधा रोपण करके हम सभी को अपने मानवीय कर्तव्यों की पालना करनी चाहिए। प्राकृतिक संतुलन के साथ वातावरण स्वस्थ होगा तो हम सब स्वस्थ होंगे और बीमारियों से बचे रहेंगे।

### अलग-अलग मामलों में दो किशोरी हुई लापता

**कैथल।** कैथल की एक कॉलोनी से एक किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में कैथल की एक कॉलोनी के व्यक्ति ने महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 13 फरवरी को कोई अज्ञात युवक प्रताप गेट कैथल से उसकी 16 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। उन्होंने उसके आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जांच अधिकारी एएसआई सुदेश रानी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार से दूसरे मामले में पूंडरी की एक महिला ने आरोप लगाया है कि 11 फरवरी को उसकी बेटी बिना बताए घर से चली गई।

### श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय में हुई स्पर्धा

# स्कूल खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाया दमखम

**100 मीटर रेस हीट ,1500 मीटर रेस ,200 मीटर रेस हीट, जैवलिन थ्रो और शॉट पुट प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ**



कैथल। खेलों में भाग लेती छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय , कलायत में दो दिवसीय, तृतीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. भीम राव अम्बेडकर राजकीय कॉलेज, कैथल के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार को आमंत्रित किया गया। प्रतियोगिता की शुरूआत में महाविद्यालय की छात्राओं ने मुख्य अतिथि, प्राचार्य व सभी स्टाफ सदस्यों को तिलक लगाकर स्वागत किया । उसके बाद महाविद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार सैनी व कॉलेज काउंसिल के सदस्यों द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। महाविद्यालय में एम.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा मंजू ने मुख्य अतिथि, प्राचार्य व सभी स्टाफ सदस्यों को बेज लगाकर व टोपी पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए खेलकूद प्रभारी नवीन कुमार ने मुख्य अतिथि के सामने आज के कार्यक्रम को विस्तार पूर्वक बताया । उसके बाद महाविद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार सैनी ने आज के मुख्य अतिथि डॉ. मनोज कुमार का विधिवत रूप से स्वागत किया। मुख्य अतिथि डा मनोज कुमार ने छात्राओं को आशीर्वाद स्वरुप स्वस्थ जीवन जीने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि खेलकूद हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है। हमें अपने जीवन को बीमारियों से मुक्त रखना और स्वस्थ रखना है तो हमें खेलकूद, योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए । इसके बाद मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण किया और सभी छात्राओं ने जन गण मन का गान किया। आज 100 मीटर रेस हीट ,1500 मीटर रेस ,200 मीटर रेस हीट, जैवलिन थ्रो व शॉट पुट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंत में उप प्राचार्य डॉ रूपेंद्र व खेलकूद प्रभारी डॉक्टर नवीन द्वारा मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया गया। प्राचार्य राजेश कुमार सैनी द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर उनका हार्दिक धन्यवाद किया।

### राजकीय महाविद्यालय में लगाई विज्ञान प्रदर्शनी

**कैथल।** डॉ भीम राव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में विज्ञान विभाग के तत्वाधान में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बी एस सी प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने अपने मॉडल प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित किया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा मनोज कुमार भांबू ने विज्ञान प्रदर्शनी में विधार्थियो द्वारा बनाए गए मॉडल का परीक्षण किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए ह्यकरके सीखोह्ण नीति पर किया गया। बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उनका विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि उनको वैज्ञानिक गतिविधियों में प्रतिभाग कराया जाये। इस प्रदर्शनी मे छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों जैसे कि स्मार्ट सिटी, बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग मैटीरियल्स यूजिंग सॉलिड फूड वेस्ट, ट्रांसफॉर्मिंग हेल्थकेयर विद एआई, वेस्ट सीरीगेशन, चैटबॉट, फाइटरइमेडियशन ऑफ माइक्रोप्लास्टिक पर मॉडल आदि प्रदर्शित किए और उनके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। महाविद्यालय के युवा वैज्ञानिकों ने अपने मॉडलों से यह दिखाने का प्रयास किया कि आने वाला कल उनका है और वे अपनी नई वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़कर देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। इस प्रदर्शनी के परिणाम इस प्रकार रहे। भौतिकी विभाग में कविता और दिनेश का मॉडल स्मार्टसिटी, प्राणी विभाग में परवीन और अंजली का मॉडल ट्रांसफॉर्मिंग हेल्थकेयर विद एआई , वनस्पति विभाग में प्रियंका और अवनीत कौर का मॉडल फाइटोरिमेडिशन ऑफ माइक्रोप्लास्टिक,रसायन विभाग में अभिषेक और गोलू का बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग मैटीरियल्स यूजिंग सॉलिड फूड वेस्ट मॉडल एवम कंप्यूटर साइंस विभाग में मोहित और अमरदीप का मॉडल वेस्ट सीरीगेशन प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन डा देवेंद्र कुमार ने किया।



**कैथल।** प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थी।

# अमेरिका में हार्ट अटैक से हुई गांव मटोर के युवा संदीप की मौत



आदित्य सुरजेवाला।

- संदीप का शव लाने के लिए कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा प्रदेश में बेरोजगारी का भयंकर आलम इस बात का सबूत है कि आज हरियाणा का युवा जमीन बेचकर विदेशों में जाने को मजबूर है। एजेंटो के चक्कर में फंसकर विदेशों में मौत का शिकार बन रहे हैं।

समस्त हरियाणा सहित कैथल में भी बेरोजगारी के बढ़ते प्रकोप और काम के अवसरों के अभाव में हरियाणवी परिवारों को अपने युवा बच्चों को अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भेजने के लिए 20-40 लाख रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। आज अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप भारत के युवाओं को आतंकवादियों की तरह बेड़ियां व हथकड़ियां लगाकर वापिस भेज रहे हैं, उन्हें प्रताड़ति किया जा रहा है और जो युवा बगैर डोंकी लगाकर या वर्क वीजा के आधार पर विदेश गए हुए हैं उनके साथ भी नाजायज तौर पर जुल्म व अत्याचार किए जा रहे हैं। देश की मोदी व हरियाणा की भाजपा सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। आदित्य सुरजेवाला ने भाजपा सरकार से विनम्र निवेदन भी किया कि विदेशों में रोजगार की तलाश में गए युवाओं की सुरक्षा की जिम्मेवारी लें और उनकी हर संभव मदद भी करें।

आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि कैथल जिले के गांव मटोर निवासी संदीप की भी यही कहानी है। हरियाणा में अपार बेरोजगारी के चलते संदीप भी अन्य लाखों युवाओं की तरह नौकरी के सिलसिले में अपनी पैतृक जमीन बेचकर व 40 लाख रुपए खर्च कर 2 साल पहले वर्क वीजा लेकर कैलिफोर्निया, अमेरिका में गया हुआ था। बीते दिन संदीप की तबियत बिगड़ने के कारण उन्हें हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। संदीप के परिवारजनों और दोस्तों ने कैथल के विधायक आदित्य सुरजेवाला और स्थानीय अधिकारियों से संपर्क किया है और सहायता की मांग की है क्योंकि उनकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। आदित्य सुरजेवाला ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखते हुए आग्रह किया कि मैं 28 वर्षीय संदीप कुमार से संबंधित एक अत्यंत दुखद मामले में आपके तत्काल हस्तक्षेप और सहायता की मांग करने के लिए लिख रहा हूं, जो हाल ही में काम की तलाश में संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया में आकर बस गए थे। संदीप का परिवार, उनके शरीर को लाने में असमर्थ हैं।

# संकल्प शिविर का उद्देश्य है सबका साथ-सबका विकास : कर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन



**सीवन।** नवीन संकल्प शिविर में पहुंचे लोग व शिविर के कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

सांसद कुरुक्षेत्र नवीन जिन्दल की ओर से कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन संकल्प शिविरों का लगातार सफल आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पात्र नागरिकों की सरकारी कागजातों की खामियां दूर कर, सरकारी योजनाओं का लाभ देने का सहरानिय काम लगातार किया जाता रहा है। इस कड़ी में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को गुहला विधानसभा के गांव सौथा व हरनौला के पंचायत घर में नवीन संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि पाला राम ने किया। सांसद के कार्यालय प्रभारी शंकर गोयल ने क्या बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के पात्र, अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करना है। ये संकल्प शिविर नियमित रूप से कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में लगातार आयोजित किये जा रहे हैं। हलका गुहला प्रभारी कर्मबीर सिसोदिया ने बताया कि आज के नवीन संकल्प शिविर में 20 लोगों को कागजात और नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 64 लोगों को नि*शुल्क परामर्श और दवाइयां दी गई जबकि 26 लोगों के निशुल्क टेस्ट किए गए। उन्होंने बताया कि लोग सुविधाओं का लाभ उठाएं।

### राष्ट्रपति शासन सरकार के दिवालियापन को रेखांकित करता है : प्रेम चंद

**कैथल।** मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करना भाजपा डबल इंजन सरकार के पूर्ण दिवालियापन को रेखांकित करता है। यह बात माकपा के राज्य सचिव कामरेड प्रेम चंद ने सी. पी. आई. (एम.) कैथल जिला केंद्र की मीटिंग में बोलते कही। उन्होंने कहा मणिपुर राज्य दो वर्षों से हिंसक उथल-पुथल में है। राष्ट्रपति शासन मणिपुर के हित में नहीं बल्कि सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर चल रहे अंदरुनी संघर्षों को निपटाने के लिए समय हासिल करने के उद्देश्य से लगाया गया है।

मुख्यमंत्री, जो कि मुख्य दोषी हैं और जिन्हें भाजपा-आरएसएस का लगातार समर्थन प्राप्त था, को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

# कलायत के वार्ड 1 से एमएससी छात्रा रेनू धानियां ने भरा नामांकन पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

नपा गठन के करीब चार दशक के इतिहास में पहली बार वार्ड की 36 बिरादरी की राय शुमारी से उच्च शिक्षित बेटी का नामांकन भराने का निर्णय लिया। राजनीति में बेटियों को प्रतिनिधित्व देने को उठाए गए इस कदम की तरफ कोई प्रशंसा कर रहा है। इससे पहले मुख्य रूप से बहु रानियों को चुनाव मैदान में उतारा जाता रहा है। नगर पालिका क्षेत्र में अभी तक वार्ड 1 से एमएससी छात्रा रेनू धानियां, 5 से प्रभात धीमान, 10 से संजय सिंगला व राकेश गर्ग, 12 से अमित कुमार व वार्ड 14 से पूनम धीमान नामांकन भर चुकी हैं।



**कलायत।** कलायत के वार्ड 1 से पार्षद पद के लिए सहायक चुनाव अधिकारी के समक्ष नामांकन जमा करवाती एमएससी छात्रा रेनू धानियां।

### भाजपा से बागी हुए राजू कौशिक आज भरेंगे नामांकन

दिलचस्प बात यह भी है कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा से बागी हुए राजू कौशिक 15 फरवरी को आजाद उम्मीदवार के तौर पर प्रधान का नामांकन दाखिल करवाएंगे। इसके लिए बकायदा उनकी तरफ से सूचना को सांझा किया गया है। इसको लेकर भी स्थानीय राजनीति में काफी हलचल है। क्योंकि भाजपा टिकट के लिए 12 कार्यकतार्ओं द्वारा प्रधान पद की टिकट के लिए आवेदन किए गए हैं।कलायत शहर में चुनाव नामांकन को लेकर सुबह से लेकर देर रात्रि तक सरगर्मी बढ़ती जा रही है।

# छात्रा स्नेहा शर्मा रही वेस्ट मैनेजमेंट मॉडल की प्रदर्शनी में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



**राजौंद।** छात्रा स्नेहा को सम्मानित करते हुए स्कूल।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करोड़ा की मेधावी छात्रा स्नेहा शर्मा ने जिले की विज्ञान प्रदर्शनी में वेस्ट मैनेजमेंट पर आधारित मॉडल प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस सफलता से न केवल स्नेहा ने अपने माता-पिता का, बल्कि अपने विद्यालय और गांव करोड़ा का भी नाम रोशन किया है। स्नेहा ने इस उपलब्धि पर कहा मुझे इस मॉडल को तैयार करने में मेरे विज्ञान शिक्षक विनोद कुमार और मैडम प्रियंका का पूरा मार्गदर्शन और सहयोग मिला। उनके सुझाव और प्रेरणा के कारण ही यह मॉडल आकार ले पाया और प्रदर्शनी में सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया जा सका।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजेश नैन ने स्नेहा को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी व कहा कि यह स्नेहा की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। साथ ही हमें यह भी दशार्ता है कि अगर छात्रों को सही मार्गदर्शन और समर्थन मिले तो वे किसी भी चुनौती को पार कर सकते हैं। यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। विज्ञान शिक्षक विनोद कुमार ने कहा यह स्नेहा की निरंतर मेहनत और जिज्ञासा का नतीजा है। मुझे गर्व है कि मैं उसे इस दिशा में मार्गदर्शन दे सका। स्नेहा का मॉडल वेस्ट मैनेजमेंट पर आधारित था।

# खेल-खेल में सीखे हुनर विकास आकर्षण का बिंदु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली में पाठ्यपुस्तक के निर्माण कार्य हेतु पाँच दिवसीय ऑनलाइन हाइब्रिड मोड़ में कार्यशाला आयोजित की जा रही है जोकि आज 14 फरवरी 2025 तक चली।डॉ चावला ने बताया कि उन्होंने पाठ्यपुस्तक के निर्माण कार्य हेतु आयोजित की जा रही इस कार्यशाला में हिंदी विषय की विभिन्न दक्षताओं को मध्यनजर रखते हुए पाठ से संबंधित अपनी नवाचारी गतिविधियां प्रस्तुत कीं।उनके द्वारा पाठ्यपुस्तक के निर्माण कार्य में हिंदी की विभिन्न दक्षताओं को ध्यान में रखते हुए गतिविधियों का निर्माण किया।

आरोही स्कूल ग्योंग में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि इन नवाचारी गतिविधियों को हल करते ही विद्यार्थियों को विभिन्न सीखने के प्रतिफल प्राप्त हो पाएँगे।विद्यार्थी ध्यानपूर्वक पढ़कर पाठ्यवस्तु में से मुख्य विचार और सहायक विवरणों की पहचान कर पाएँगे और उनका सारांश भी प्रस्तुत कर सकेंगे।वे अपने सहपाठियों के साथ विचार साझा करेंगे। विद्यार्थी अनुभवों और पाठ्यवस्तु में निहित विचारों को शब्दों में लिखते समय वाक्यों का उपयोग कर पाएंगे।

# अति संवेदनशील बूथों पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजरः महिपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



**पूंडरी।** जानकारी देते चौकी प्रभारी महिपाल।

नगरपालिका चुनावों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सख्त इंतजाम किए हैं। पुलिस चौकी प्रभारी महिपाल ने कहा कि चुनावों के दौरान दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। आज नगरपालिका पूंडरी का दौरा करते हुए उन्होंने बताया कि अति संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और किसी भी असामाजिक तत्व को पनपने नहीं दिया जाएगा। कानून व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों से भी अपील की है कि वे निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करें। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस लगातार गश्त कर रही है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। वार्ड नं. 3 के सरकारी प्राईमरी स्कूल नजदीक 11 रूद्री मंदिर, वार्ड नं. 4 खरगंर चौपाल पाई गेट, वार्ड नं. 5 खरगंर चौपाल पाई गेट, वार्ड नं. 11 गुरु ब्रहानंद स्कूल पाई रोड, वार्ड नं. 14 गुरु ब्रहानंद स्कूल पाई रोड, वार्ड नं. 16 गुरु ब्रहानंद स्कूल पाई रोड अति संवेदनशील बूथ हैं।

### दिव्यांग सशक्त होंगे तो देश व समाज भी होगा सशक्त

# समाज सेवा से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं : प्रीति

- होली पथ स्कूल डोगरा गेट में जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** डीसी प्रीति स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सकों से बातचीत करते हुए।

डीसी प्रीति ने कहा कि समाज सेवा से बड़ा पुण्य का कार्य कोई नहीं है। समाज सेवा अगर निस्वार्थ भाव से की जाए तो मानवता के कर्तव्य को सही मायने में निभाया जा सकता है। दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करना भी सामाजिक उत्थान का ही एक कार्य है। दिव्यांग सशक्त होंगे तो देश व समाज भी सशक्त होगा।

डीसी प्रीति शुक्रवार को जिला रेडक्रास सोसायटी कैथल की ओर से होली पथ स्कूल डोगरा गेट में मंदबुद्धि एवं मूक बधिर बच्चों की सहायतार्थ आयोजित मेडिकल, टीबी स्क्रिनिंग, एसटीडी जागरूकता शिविर में बच्चों व रेडक्रॉस वॉलंटियर्स को संबोधित कर रही थीं। शिविर के दौरान दिव्यांग बच्चों के खून, आंख व दांतों की जांच सहित उनके मेंटल हेल्थ को जांचा और निशुल्क दवाइयां वितरित की। इसके अलावा बच्चों की काउंसलिंग की गई। डीसी प्रीति ने संस्थान द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना की और बच्चों से बातचीत की।

डीसी प्रीति ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए अनहद एजुकेशन एंड हेल्थ वेलफेयर सोसायटी की ओर से संचालित होली पथ स्कूल डोगरा गेट में चलाया रहा है। इसमें 120 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन बच्चों को मेडिकल सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य संस्थानों से आह्वान किया कि वे आगे आएं, यहां पर विजिट करें और अपना योगदान दें। समाज हर किसी के योगदान से आगे बढ़ता है। प्रशासन द्वारा यहां आयोजित शिविर एक पहल हो सकती है, लेकिन अगर पूरा कैथल इसमें कदम आगे बढ़ाएगा तो इन बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सकता है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सिविल सर्जन डा. रेणु चावला, रेडक्रास सचिव रामजी लाल, डा. बीरबल दलाल, होली पथ स्कूल प्राचार्य कुसुम, प्रमोद कुमार, गुरदेव, टीबी इंचार्ज संदीप बातिश, डा. अनिल रंगा, डा. दीपक, नरेश कुमार, अती बंसल, प्रीति, नरेश कुमार, डा. बीरबल दलाल, रामपाल, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

### अनहेल्दी लाइफस्टाइल और डाइट बढ़ा रही युवाओं में हृदय रोग : डॉ. सुधीर मोर



डॉ. सुधीर मोर

**कैथल।** अनहेल्दी लाइफस्टाइल और डाइट के कारण युवा वर्ग में हार्ट अटैक के मामले बढ़ रहे हैं। आमतौर पर देखने में पाया गया है कि ज्यादातर युवाओं का न तो सोने और जगने का समय फिक्स है और न ही खान-पान का। जनता मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में सेवा दे रहे आल इंडिया टॉपर हृदय रोग विशेषज्ञ डा. सुधीर मोर ने बताया कि दिल्ली, मुंबई या बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में रहने वाले युवाओं को हार्ट डिजीज का ज्यादा रिस्क है क्योंकि व मजबूरन अनहेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करते हैं। जंक फूड पर डिपेंड हो जाते हैं और एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं। इससे मोटापे से लेकर कई बीमारियां घेर लेतीं हैं और हार्ट अटैक की तरफ ले जाती हैं। बता दें कि ड. सुधीर मोर देश के प्रतिष्ठित हृदय रोग संस्थान जीबी पंत अस्पताल दिल्ली से प्रशिक्षित हैं। यही नहीं वे अब तक करीब 1500 से अधिक हृदय रोगियों के सफल आपरेशन कर चुके हैं।

डा. सुधीर मोर का कहना है कि यदि हम अपने खान-पान व दिनचर्या को सही तरह से बनाएं तो काफी हद तक हृदय रोगों से बचा जा सकता है। हमें जंक फूड से दूर रहते हुए एक्सरसाइज व योगा को अपनाना चाहिए। नियमित एक्सरसाइज व योगा से भी हम कई प्रकार की बीमारियों का अंदेशा कम कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से राहगीर घायल, केस

**जींद।** गांव निडाना में कार की टक्कर से व्यक्ति के घायल होने पर जुलाना थाना पुलिस ने कार सवार दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निडाना निवासी रामपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गली से गुजर रहा था। उसी दौरान कार ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें उसे चोटें आई। रामपाल ने आरोप लगाया कि गाड़ी गांव का ही अरनव चला रहा था।

### युवक पर हमले के पांच आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव झील में समझौता करने आए लोगों के साथ मारपीट करने के पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव खकरडा रोहतक निवासी सन्नी ने गत एक फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह गांव झील मे धूफा के साथ पंचायती समझौता के लिए आया हुआ था।

### झगड़े में बीचबचाव कर रहे पुलिसकर्मी समेत दो घायल

**जींद।** भिवानी रोड पर सब्जी वाले के साथ झगड़े के दौरान बीचबचाव कर रहे पुलिसकर्मी समेत दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भिवाना रोड बाईपास पर सब्जी विक्रेता गांव ढाणी निवासी रविंद्र का ईगराह निवासी सुरेश के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।

### अनाधिकृत कॉलोनियों के निर्माण पर प्रशासन सख्त

**जींद।** जिला नगर योजनाकार सुनील अंतिल ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में बिना विभागीय अनुमति के अनधिकृत कॉलोनियों के निर्माण पर प्रशासन ने पूरी सख्ती बरती है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ऐसे सभी निर्माण अवैध हैं और इसमें शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा पिल्लूखेड़ा खंड के भूरायण में खसरा नंबर 12//14,15,16,25 जैसी कई स्थानों पर अवैध निर्माण कार्यों की पहचान की गई है।

### रंजिशन हमला करने पर तीन के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव दरियावाला में रंजिशन हमला कर तीन लोगों को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दरियावाला निवासी मनोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के विरेंद्र ने उसके ताऊ रामकुमार पर हमला कर दिया। जब उसने तथा उसके भाई अजीत ने बचाने की कोशिश की तो विरेंद्र परिवार के लोगों ने उन पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया।

### क्रेडिट कार्ड बनाने का झांसा दे पौने पांच लाख रुपये हड़पे

**जींद।** ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड बनाने का झांसा देकर एक दुकानदार को साइबर ठग ने लगभग पौने पांच लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना निवासी अशोक ने साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी है।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव बराहकलां से शहर के लिए दवाई लेने की बात कह कर निकली महिला संदिग्ध हालात में गायब हो गई। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बराह कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से दवाई लाने की बात कह कर शहर के लिए निकली थी।

### बिजली कष्ट निवारण फोरम की बैठक 21 को

**कैथल।** उत्तर हरियाणा वितरण बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक 21 फरवरी को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक स्थानीय यूएचबीवीएन कार्यालय कैथल के सभागार में आयोजित की जाएगी।

## जुलाना नपा चुनाव: तीसरे दिन एक चेयरमैन व छह पार्षद उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

### 14 वार्डों के 13663 मतदाता चुनेंगे शहर की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे की नगरपालिका चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। नामांकन के तीसरे दिन चेयरमैन पद के लिए एक आवेदन तो पार्षद के लिए छह उम्मीदवारों ने नामांकन किया। जुलाना की तहसील कार्यालय में नामांकन दाखिल किए जा रहे हैं। एसडीएम और रिटर्निंग अधिकारी होशियार सिंह ने बताया कि 16 फरवरी को अवकाश होने के कारण नामांकन नही होगा बाकि दिनों नियमित रूप से नामांकन दाखिल होंगे। 14 वार्डों के 13663 मतदाता चुनेंगे शहर की सरकारः नगरपालिका में पहली बार 13 की जगह 14 वार्डों के पार्षदों और चेयरमैन का चुनाव होगा। 14 वार्डों में 7265 पुरूष और 6398 महिला मतदाता अपने पार्षद और चेयरमैन का चुनाव करेंगे। चेयरमैन के लिए अब तक आनंद लाठर ने ही नामांकन किया है। इसके अलावा पार्षद के लिए वार्ड 2 से राजपाल व प्रवीन कुमार, वार्ड 7 से रामनिवास, वार्ड 8 से संदीप, वार्ड 9 से सुभाष पांचाल, वार्ड 12 से सुमित ने नामांकन किया है। चेयरमैन पद के प्रत्याशी आनंद लाठर इनेलो और जजपा के प्रेस प्रवक्ता रहे हैं और निगरानी कमेटी के सदस्य भी रहे हैं लेकिन विधायक से खफा होकर आनंद लाठर ने पार्टी छोड़ दी थी। आनंद लाठर प्रापर्टी डीलर कर काम करते हैं।




जुलाना। चेयरमैन पद के लिए नामांकन दाखिल करते आनंद लाठर व पार्षद के लिए नामांकन दाखिल करते सुभाष पांचाल।

### चुनाव खर्च की सीमा तय

एसडीएम और रिटर्निंग अधिकारी होशियार सिंह ने बताया कि चुनाव पर्यवेक्षक खर्च जींद उपायुक्त कार्यालय से लेखाधिकारी सीमा सिंघल और कमलेश कुमार भादू को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। नगरपालिका प्रधान के लिए 12 लाख 50 हजार रुपये और पार्षद के लिए तीन लाख अधिकतम खर्च सीमा तय की गई है। उम्मीदवार को चुनाव के एक माह के अंदर चुनाव में हुए खर्च का सारा रिकार्ड जमा करवाना होगा।

### कैथलः कलायत नगर पालिका से चार और पूंडरी से तीन प्रत्याशियों ने किया पार्षद पद के लिए नामांकन

कैथल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने बताया कि निकाय चुनाव की नामांकन प्रक्रिया चल रही है, जो कि 17 फरवरी तक राजपत्रित अवकाश को छोड़कर सभी कार्य दिवसों में सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक जारी रहेगी। शुक्रवार को पूंडरी नगर पालिका से पार्षद पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। इनमें वार्ड नंबर एक से सतीश कुमार, पांच से सचिन व छह से किरन देवी ने अपना पर्चा भरा। इसी प्रकार कलायत नगर पालिका से पार्षद पद के लिए चार उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें वार्ड नंबर एक से रेनू धानिया, पांच से प्रभात, नौ से जगदीश तथा वार्ड नंबर 14 से पूनम ने अपना नामांकन भरा। सीवन नगर पालिका में प्रधान व पार्षद पद के लिए कोई नामांकन नहीं आया। उन्होंने बताया कि कलायत नगर पालिका चुनाव के लिए कलायत एसडीएम कार्यालय में नामांकन पत्र जमा प्राप्त किए जा रहे हैं। पूंडरी नगर पालिका चुनाव के लिए पूंडरी नगर पालिका व सीवन नगर पालिका के लिए सीवन नगर पालिका कार्यालय में नामांकन पत्र जमा करवाए जा सकते हैं। इसके बाद 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। चुनाव के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से तीन बजे तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों, मतदान केन्द्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी।



कलायत। सूखी पड़ी सिरसा ब्रांच नहर। फोटो :हरिभूमि

## कलायत क्षेत्र में लोग पेयजल किल्लत से दुःखी, जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत क्षेत्र में लोग पेयजल किल्लत से बेहाल हैं। स्नान व सफाई कार्य तो दूर की बात पीने के लिए भी जन स्वास्थ्य विभाग से पानी उपलब्ध नहीं हो रहा। ऐसे में पेयजल संकट को लेकर हर कोई परेशान है। फरवरी माह में 5 को नहर में पानी छोड़े जाने की उम्मीद थी। लेकिन एक सप्ताह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी पानी की सप्लाई नहर में नहीं आई। ऐसे में जन स्वास्थ्य विभाग ट्यूबवेलों के जरिये लोगों के घरों में पानी पहुंचाने का विफल प्रयास कर रहा है। सरकारी विभागों में भी पानी की समस्या से हर कोई परेशान है। बिना नहर में पानी आने के पेयजल पूर्ति करना विभाग के लिए बेहद मुश्किल कार्य है। शहर में 16 वार्डों के घनी आबादी के शहर में विभाग के पास नहरी पानी के अलावा कोई अन्य मजबूत विकल्प नहीं है। बोर पंपों से शहर में सुचारू रूप से पानी घरों तक नहीं पहुंच सकता। ऐसे में लोगों के साथ-साथ जन स्वास्थ्य विभाग के माथे पर चिंता की लकीर गहरी होती जा रही है। सिरसा ब्रांच नहर का हैड जिला करनाल के इंद्री में है। यह पश्चिमी जमुना से निकलती हुई हिसार जिला तक जाती है। इस पर खेतों के साथ-साथ आम जन की प्यास बुझाने का जिम्मा है। नहर पर निर्भर रहने वाला इलाका इसमें काफी समय से पानी की क्षमता व दिन बढ़ाने की मांग करता आया है। जन स्वास्थ्य विभाग के पास जल भंडारण के लिए 4 टैंक हैं। इनमें 2 टैंक अढ़ाई एकड़ में, एक 5 एकड़ और एक साढ़े तीन एकड़ में विस्तार लिए है। बूस्टरों अनुसार कुलवंत नगर, सैनी कालोनी, अनाज मंडी, सीता नगर, सुभाष कालोनी, सजूमा रोड, साहसी मोहल्ला, मैन बाजार, कैंची चौक, इंदिरा कालोनी, राजेंद्र नगर, श्री कपिल मुनि धाम मार्ग, लाल चबूतरा, पुराना बाजार का कुछ हिस्सा, धीमान मोहल्ला व अन्य इलाके निर्भर रहते हैं।

### सप्लाई दी जा रही

कलायत जन स्वास्थ्य विभाग एस.डी.ओ इंद्राज पंवार ने बताया कि सिरसा ब्रांच नहर में 5 फरवरी को पानी की सप्लाई आने की उम्मीद थी। लेकिन पानी नही आया। इसके चलते टैंकों में पानी की उपलब्धता नहीं है। ऐसे में वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए पेयजल की सप्लाई दी जा रही है। उनका कहना है कि विभाग का लक्ष्य लोगों की मांग के अनुरूप पेयजल सप्लाई देना है। विपरीत स्थिति के चलते रोस्टर को तबदील करना पड़ रहा है।

## दिसंबर में उखाड़ा नरवाना रोड, कुछ दूरी वनवे बना अधर में छोड़ दिया काम

# सड़क निर्माण को अधूरा छोड़ा लोगों की दिक्कत भूला विभाग

### उखाड़ी गई सड़क पर हो रहे हादसे, चालकों के साथ आमजन भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पटियाला चौक से नरवाना रोड बाईपास तक सड़क निर्माण के छोड़े गए आधे अधूरे कार्य के कारण आमजन के साथ वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यहां तक हैं कि दुपहिया वाहन का निकालना यहा से दुभर हो गया है। वाहन चालक लगभग हर रोज हादसों का शिकार भी हो रहे हैं। सड़क से उठने वाली धूल से दोनों और की बस्तियों के लोग भी परेशान हैं। सड़क निर्माण का कार्य शुरू भी हुआ लेकिन निर्माण सड़क को उखाड़ तथा कुछ दूरी तक वनवे बना कर अपने काम को भूल गई। जिसका खामियाजा इस रोड से गुजरने वाले वाहन चालकों तथा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क निर्माण पर एक करोड 73 लाख रुपये का खर्च होना है। जिसके तहत दो किलोमीटर तक सड़क निर्माण तथा सात फूट तक चोड़ा किया जाना है। अधूरे छोड़े गए रोड से हर रोज गुजरते हैं दस हजार से ज्यादा लोग पटियाला चौक से नरवाना रोड बाइपास तक की सड़क महत्वपूर्ण है। दस हजार से ज्यादा वाहन चालक तथा लोग छोटे तथा बड़े वाहन लेकर यहां से गुजरते हैं। जिले के अधिकारी भी पंजाब की तरफ आने-जाने के लिए इसी मार्ग का प्रयोग करते हैं। सड़क के दोनों और दर्जनभर से ज्यादा कालोनी हैं। मार्केट भी बनी हुई है। उखाड़ी गई सड़क से वाहनों के गुजरने के दौरान उठने वाली धूल से आसपास के लोग भी परेशान हैं। दुकानदारों को कामकाज चौपट हो रहा है। फिर भी आधी अधूरी छोड़ी गई सडक की तरफ कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। आधे अधूरा काम छोड़, लोगों की दिक्क्त भूल विभागः नरवाना रोड पर दिसंबर माह में सड़क निर्माण का काम भी शुरु हुआ। निर्माण कंपनी से लगभग दो किलोमीटर लंबी सड़क को उखाड़ भी दिया। फिर आधा किलोमीटर तक वनवे बना उसे अधर में छोड़ दिया। लगभग डेढ़ माह से सडक निर्माण पर कोई कार्य नही हो रहा है। हर रोज दुपहिया वाहन चालक गिर कर घायल हो रहे हैं। सड़क के उखाडने तथा अधूरा काम छोडने से आमजन तथा वाहन चालकों की परेशानी को विभाग भूल गया। शिवपुरी कालोनी निवासी दीपक ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य अधर में छोड़े जाने से आमजन के साथ वाहन चालकों को भी काफी परेशानी हो रही है। हादसे भी हो रहे हैं। उखाड़ी गई सड़क से धूल भी उठ रही है। सड़क के दोनों और बनी दुकानों का काम चौपट हो चुका है। अधूरी छोड़ी गई सड़क पर जल्द काम होना चाहिए ताकि लोगों तथा वाहन चालकों का आवागमन सुगम हो सके।



जींद। विभाग द्वारा बनाया गया सड़क का कुछ हिस्सा। फोटो :हरिभूमि

### 31 मार्च तक काम पूरा हो जाएगा

पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता आरके नैन ने बताया कि तापमान अनुकूल न होने के कारण काम अटका हुआ है। तापमान के अनुकूल होने के साथ सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। 31 मार्च तक काम पूरा हो जाएगा।



जींद। विभाग द्वारा उखाड़ी गई सड़क। फोटो :हरिभूमि

### सेक्टरों में चरमराई सीवरेज व्यवस्था

**जींद।** शहर का सबसे पॉश क्षेत्र माने जाने वाले सेक्टरों में पिछले पांच साल से सीवरेज व्यवस्था चरमराई हुई है। सीवर ओवरफ्लो होने से खाली पड़े प्लॉट तालाब बने हुए हैं। ऐसे में सेक्टर छह, सात, आठ व नौ के 2500 मकान में रहने वाले लगभग आठ हजार लोग परेशान हैं। तीन साल पहले सेक्टरों के गंदे पानी की निकासी के लिए सफी दों रोड पर बाईपास पुल से लेकर गोहाना रोड तक डेढ़ किलोमीटर लंबी सीवर लाइन बिछाए जाने की योजना बनी थी। अभी तक एनएचएआई की ओर से एनओसी नहीं मिली है। एनएचएआई की तरफ से एनओसी को लेकर डिमांड भेजी हुई है। एनओसी मिलने के बाद से सीवर लाइन बिछाई जा सकेगी। हालांकि अभी सेक्टर में सीवरेज सफाई को लेकर शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने टेंडर लगाया है। टेंडर अलॉट होने के बाद संबंधित एजेंसी द्वारा सीवरेज सफाई का काम किया जाएगा। फि लहाल सेक्टरों में जो सीवर लाइन बिछी है, उनका सारा पानी सेक्टर नौ में लाया जाता है। जहां से ट्रैक्टर लगा कर एसपी कोठी के नजदीक डिस्पोजल में पहुंचा कर वहां मुख्य लाइन में डालकर एसटीपी में पहुंचाया जाता है।

## डीटीपी अमले ने फरल गांव स्थित अवैध कालोनी में चलाया पीला पंजा

- डीटीपी राज कीर्ति बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला नगर योजनाकार कार्यालय ने जिला प्रशासन के सहयोग से राजस्व संपदा फरल में अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस दौरान डीटीपी राज कीर्ति बतौर डयूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहीं। उन्होंने बताया कि डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध कॉलोनी को हटाने के लिए जेसीबी सहित मौके पर पहुंचा और मौके पर बनी सड़कों, चारदीवारी, छह डीपीसी को शुरूआती चरण में ही को नष्ट करवाया। जिला नगर योजनाकार राज कीर्ति ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में राजस्व संपदा फरल में अवैध कालोनी काटे जाने का मामला आया था। इसके बाद भूमि मालिकों व प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे, लेकिन भू-स्वामियों द्वारा न तो मौके पर बनाए जा रहे अवैध निर्माण को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया। इसके बाद एचडीआर. एक्ट 1975 के प्रावधानों के अनुसार जिला प्रशासन की मदद से उक्त तोड़-फोड़ की कार्रवाई की गई।



पूंडरी। बाइक के साइलेंसर को माडिफाइड करवाकर ले जाते बाइक सवार।

### बगैर हेलमेट-मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइकों का आतंक

**पूंडरी।** पूंडरी शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिना हेलमेट बाइक चलाने और मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइकों का चलन लगातार बढ़ता जा रहा है। हल्का विधायक सतपाल जांबा की हेलमेट जरूर लगाएं मुहिम अब कमजोर पड़ती नजर आ रही है। यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते बाइक सवार न केवल अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं, बल्कि सडक पर अन्य लोगों के लिए भी खतरा बन रहे हैं। विधायक सतपाल जांबा ने सड़क सुरक्षा को लेकर अपनी मुहिम के तहत पुलिस प्रशासन की मदद से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी करवाई थी जो बिना हेलमेट चलते हैं या फिर मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइकों से शोरगुल करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने हेलमेट के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हल्के के विभिन्न स्थानों पर हेलमेट वितरित भी करवाए थे। बावजूद इसके शहर में दोबारा ऐसे बाइक सवारों की संख्या बढ़ रही है, जो नियमों को अनदेखा कर रहे हैं।

## महिला से बैग छीनने के दोषी को पांच साल कैद, 10 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सैशन जज रितु वाईके बहल की अदालत ने एक महिला से बैग छीनने के दोषी को 5 साल की कैद और 10000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुमार्ना न देने पर दो महीने की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। इस बारे में गांव फरल निवासी महिला धर्मपति ने थाना पूंडरी में धारा 379-ए आईपीसी के तहत 5 जनवरी 2024 को एफआईआर नंबर 7 दर्ज करवाई थी। अभियोजन पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी उप जिला न्यायवादी जसवीर ढांडा ने की। कोर्ट फाइल के हवाले से जसबीर ढांडा ने बताया कि शिकायतकर्ता धर्मपति निवासी फरल 5 जनवरी 2024 को सुबह अपने घर से पूंडरी किसी काम से आई थी। करीब एक बजे बैंक से 12000 रुपए निकालकर वह बाजार में जा रही थी। जब धर्मपति वालिया चौक के पास पवन की दुकान के पास पहुंची तो वहां खड़े एक लडके से उसने पंसारी की दुकान के बारे मे पूछा। उस लडके ने कहा कि पंसारी की दुकान अंदर गली में है। वह दुकान की तरफ जाने लगी तो वह लडका भी उसके पीछे चलने लगा। जब महिला गली में पहुंच गई तो उस लडके ने उसका बैग छीन लिया और मौके से भाग गया।

## विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए स्कूल यूनिफॉर्म में आना होगा

# सीबीएसई की परीक्षाएं आज से होंगी प्रारंभ

- 17 सेंटरों पर कक्षा दसवीं के 5241, 12वीं के 4315 विद्यार्थी परीक्षा देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं शनिवार से शुरू होने जा रही हैं। जिलेभर में सीबीएसई से संबंधित 76 स्कूल हैं, जिसमें 10वीं कक्षा के 5241 और 12वीं कक्षा के 4315 विद्यार्थी 17 केंद्रों पर परीक्षा देंगे। 15 फरवरी को दसवीं कक्षा की अंग्रेजी की परीक्षा होगी। वहीं 15 फरवरी को 12वीं कक्षा की इंटरप्रिश शिप की परीक्षा होगी। उधर परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों को तनावमुक्त रखने के लिए सीबीएसई की ओर से परामर्श दिया गया है। सीबीएसई ने इन विद्यार्थियों के लिए गाइडलाइन जारी की है, जिसमें सबसे अहम है कि परीक्षा का समय 10 से 1:30 बजे तक रहेगा। कोई भी विद्यार्थी 10 बजे के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश नही ले सकेगा। विद्यार्थियों को 9:40 से लेकर 10 बजे तक अपने-अपने परीक्षा के अंदर पर पहुंचना होगा। बोर्ड ने अपनी गाइडलाइन में कहा कि परीक्षार्थी को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री लाने की अनुमति नही है। वे परीक्षार्थी जो डायबिटीज से पीड़ित हैं वे अपने साथ खाने का कुछ ला सकते हैं। हा पर ध्यान रहे इन विद्यार्थियों को यह सामान पारदर्शी कीट में ही लाना होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा में स्कूल यूनिफॉर्म में आना अनिवार्य होगा। इस के अलावा स्वयंपाठी विद्यार्थियों को यह निर्देश दिए गए कि वह हलके रंग के कपड़े पहन कर आएं। विद्यार्थियों को यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान वे किसी भी आभूषण को पहन कर न आएं। इसके अलावा कोई भी विद्यार्थी स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर जैसी चीजों को साथ में नही ला सकता है। केंद्रीय माध्यमिक विद्यालय बोर्ड ने सभी विद्यार्थियों और संस्था प्रधान के लिए आदेश जारी किए हैं कि बोर्ड के ऑफिशियल पोर्टल पर प्रवेश पत्र जारी होने के बाद संबंधित संस्था प्रधान से प्रवेश पत्र का सत्यापन करवाना अनिवार्य होगा। संस्था प्रधान के हस्ताक्षर के अभाव में परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह सकते हैं।

### समय का ध्यान रखें: अरूणा शर्मा



सीबीएसई बोर्ड जिला जींद की सिटी कोऑर्डिनेटर इंडस पब्लिक स्कूल की प्राचार्या अरुणा शर्मा ने बताया कि शनिवार से सीबीएसई दसवीं व 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा शुरू होने जा रही हैं। परीक्षा का समय 10 से 1:30 बजे तक रहेगा। कोई भी विद्यार्थी 10 बजे के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश नही ले सकेगा। विद्यार्थियों को 9:40 से लेकर 10 बजे तक अपने-अपने परीक्षा के अंदर पर पहुंचना होगा।

## सफीदों बार एसो.चुनाव : प्रधान पद के कुणाल-पुरुषोत्तम राणा ने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों बार एसोसिएशन के चुनावों का बिगुल बज चुका है। उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल कर दिए है और नामांकन उठाने के अंतिम तिथि भी जा चुकी है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापिस नहीं लिया है। गौरतलब है कि प्रधान के लिए 2 उम्मीदवारों, उपप्रधान के लिए 3 उम्मीदवारों, सचिव व सहसचिव के लिए 2-2 उम्मीदवार चुनावी मैदान में आए हैं। प्रधान पद के उम्मीदवार एडवोकेट कुणाल अग्रवाल व पुरूषोत्तम सिंह के बीच कड़ा मुकाबला होने वाला है। दोनों उम्मीदवारों ने वकीलों से वोट के लिए व्यक्तिगत रूप से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। दोनों उम्मीदवार अपने.अपने मुद्दों एवं वादों को लेकर वकीलों के पास जा रहे हैं। प्रधान पद के उम्मीदवार एडवोकेट कुणाल अग्रवाल ने का कहना है कि प्रधान बनने के बाद वे सबसे पहला कार्य अधिवक्ताओं में आपसी भाईचारा कायम करवाना रहेगा। इसके अलावा बार की समस्याओं को दूर करवाया जाएगा। फिलहाल अधिवक्ता सदन में लिफ्ट शुरू नहीं हुई है। प्रधान बनते ही सबसे पहले लिफ्ट को शुरू करवाएंगे ताकि वकीलों के साथ.साथ आमजन को आने जाने में कोई दिक्कत ना हो। इसके अलावा नई इमारत का निर्माण करवाकर उसमें नए चैंबरों का निर्माण करवाया जाएगा।